# समरसता के साथ जनजातीय समाज के विकास के लिए प्रतिबद्ध है प्रदेश सरकारः वीडी

**भोपाल ( काप्र )।** सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास भारतीय जनता पार्टी का मूल मंत्र है। प्रदेश सरकार ने राजा शंकरशाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर जो घोषणाएं की हैं, वे समरसता के साथ सबका साथ और सबका विकास की भावना को ही प्रदर्शित करती हैं। मैं जनजातियों के हित में की गई इन घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान को धन्यवाद देता हूं और प्रदेश की जनता को बधाई देता हूं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कही। श्री शर्मा ने बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर जनजातीय नायकों को सम्मान देने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह का भी आभार जताया।

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमेशा उन क्रांतिकारियों के बारे में सोचती रही है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। आजादी का अमृत महोत्सव ऐसे ही योद्धाओं से नई पीढ़ी का परिचय कराने का प्रयास है। श्री शर्मा ने कहा कि शहीदों, क्रांतिकारियों के प्रति ऐसी ही भावना से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाए जाने की घोषणा की है



और इस दिन शासकीय अवकाश भी रहेगा। इसके साथ ही प्रदेश सरकार ने राजा शंकरशाह, रघुनाथशाह के शहादत स्थल पर उनका स्मारक बनाए जाने की घोषणा की है, जो जनजातीय नायकों के प्रति सरकार की भावना को दिखाता है।

समरसता के साथ देंगे अधिकार

श्री शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बलिदान दिवस पर जबलपुर में जनजातीय समाज के लिए जो घोषणाएं की हैं, उनका लाभ प्रत्येक व्यक्ति को दिलाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता काम करेंगे और सभी जनजाति बहुल 89 विकासखंडों में जागरूकता का प्रयास करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि जनजातीय समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और उनके अधिकारों के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पंचायत एक्सटेंशन टू शेड्यूल एरिया यानी 'पेसा एक्ट' लागू करने की घोषणा की है। इसके अंतर्गत पेसा ग्राम सभाओं का गठन होगा, जो खुद अपने लिए योजनाएं बनाएंगी। लेकिन इसमें इस बात का ध्यान रखा गया है कि किसी गैर जनजातीय व्यक्ति के साथ किसी तरह का अन्याय न हो। सरकार ने राशन आपके द्वार योजना की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत जनजातीय गांवों में घर-घर राशन पहुंचाया जाएगा।

**जनजातीय समाज के हितैषी होने का ढोंग रचते हैं कमलनाथः** प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जनजातीय समाज के हितैषी होने का सिर्फ ढोंग करते हैं। हर बात पर झूठ बोलने वाले कमलनाथ जब प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब वे अन्य जिलों की सिंचाई योजनाएं, सड़कें, मेडिकल कॉलेज, बजट आदि सभी चीजों को छिंदवाड़ा ले गए, लेकिन उस समय उनका ध्यान जनजातीय समाज के हित पर नहीं गया। हमारी सरकार ने अब छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का नाम राजा शंकरशाह के नाम पर करने का फैसला किया है, जिसके लिए मैं मुख्यमंत्री श्री चौहान को बधाई देता हूं।

**सिद्धू पर लगे आरोपों की जांच कराएं सोनिया गांधीः** प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि कैप्टन अमरिंदर ने नवजोतसिंह सिद्धू पर जो आरोप लगाए हैं, वो गंभीर हैं। ये देश की सुरक्षा से जुड़ा मामला है। एक मुख्यमंत्री यदि किसी पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री, वहां के सेनाध्यक्ष से संबंध रखने का आरोप लगाता है, तो मामला निश्चित रूप से गंभीर है। सोनियां गांधी को इन आरोपों की गंभीरता से जांच कराने के लिए पहल करनी चाहिए। यदि वे ऐसा नहीं करती हैं, तो इसका मतलब है कि वे देश की सुरक्षा नहीं चाहतीं।

# वासवानी की सेवाएं समाजसेवियों को प्रेरणा देती रहेंगी : रीझवानी

**भोपाल ( हिनप्र )। पूज्य सिंधी पंचायत ने पंचायत के ही संस्थापक मोटूमल वासवानी की चौथी पुण्यतिथि मनाई। माता जानकी देवी गुरबानी भवन में आयोजित कार्यक्रम में वासवानी के चित्र पर माल्यार्पण किया।**



पंचायत के महासचिव माधू चांदवानी ने मोटूमल वासवानी की सेवाभावना को रेखांकित किया। पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने मोटूमल वासवानी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को रखा। रीझवानी ने कहा कि वासवानी संतजी के शिष्य तथा संत के मार्ग पर चलने वाले कर्तव्यनिष्ठए कल्याणकारीए निःस्वार्थ सेवादारी एवं सच्चे समाजसेवी थेए जिन्होंने नगर के विस्तार हेतु न केवल नई संस्थाओं को स्थापित करवाया बल्कि लग्न एवं मेहनत से पूज्य सिंधी पंचायत को सशक्त बनाने में हर संभव प्रयास किया। उनकी सेवा भावना समाजसेवियों के लिए प्रेरणा हैं।

पूर्व पार्षद अशोक मारणए गुलाब जेठानीए जगदीश असावानी बसंत चेलानी ने भी वासवानी के कार्यो को सराहा। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पंचायत पदाधिकारी नंद कुमार दादलानीए हरीश मेहरचंदानीए माधव पारदासानीए मोहन मीरचंदानीए महेश प्रेमचंदानीए राम लेखवानीए अनिल टेकचंदानीए हरीश वलेचाए मनोहर सतानीए शेटटी चंदनानीए अशोक साधवानीए राहुल वासवानी आदि शामिल है। अंत में दो मिनट का मौन रखकर दादा मोटूमल वासवानी को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

# संतनगर में गणेशजी को दी विदाई

**भोपाल ( हिनप्र )।** अगले बरस तू जल्दी आ का आग्रह श्रद्धालुओं ने भगवान गणेशजी से विदाई देते हुए किया। संतनगर के श्री झूलेलाल विसर्जन घाट पर सुबह से प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया थाए जो देर रात तक चला विसर्जन घाट पर चला। बड़ी संख्या में लोग सिरों पर गणपति की प्रतिमा रखकर घाट पहुंचे। बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए खास इंतजाम किए गए थे। नगर निगम और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी रही। विसर्जन के दौराना कोरोना गाइड लाइन का पालन किया।



## आज से शुरु होंगी पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं कक्षाओं को किया जा रहा सैनिटाइज

**भोपाल (काप्र)।**

**मध्यप्रदेश में पहली से पांचवी तक की कक्षाएं सोमवार से पुन~ संचालित होंगी। इससे पूर्व प्रदेश के सरकारी और निजी स्कूलों में कक्षाओं को सैनिटाइज ??किया जा रहा है। स्कूल 50 फीसद उपस्थिति के साथ खोले जाएंगे। राजधानी भोपाल के स?कूलों में भी इसे लेकर पूरी तैयारियां हैं।**

राजधानी के कई स्कूलों में साफ-सफाई के कार्य किए गए। स्कूलों और छात्रावासों में भारत सरकार और राज्य स्तर से जारी एसओपी और कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। विद्यार्थियों की ऑनलाइन कक्षाएं और डिजिटल माध्यम से पढ़ाई पहले की तरह ही संचालित की जाएगी।शिक्षकों का कहना है कि इस बार बच्चों के स्कूल पहुंचने पर सुरक्षा को लेकर उनकी भी जिम्मेदारियां बढ़ गई है, क्योंकि इस बार बहुत छोटे बच्चे हैं, जिनका पूरा ध्यान रखना होगा। वहीं कक्षा आठवीं, दसवीं और बारहवीं के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों के लिए छात्रावास और आवासीय विद्यालय संचालित किए जाएंगे। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों के लिए भी स्कूल और छात्रावास खोले जाएंगे, लेकिन छात्रावास में उनकी कुल क्षमता के 50 फीसद से अधिक विद्यार्थी उपस्थित नहीं होंगे। विद्यालय और छात्रावास में अभिभावकों की सहमति पत्र से ही विद्यार्थी उपस्थित हो सकेंगे। प्रायमरी स्कूलों में 50 फ़ीसद क्षमता के साथ कक्षाओं का संचालन होगा। कक्षा पहली से लेकर कक्षा पांचवी तक के बच्चों को 50 फ़ीसद क्षमता के साथ स्कूल में बुलाया जाएगा। पहले दिन स्कूल बुलाने वाले बच्चों को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से माता-पिता को मैसेज किया गया है। स्कूलों में माता-पिता की लिखित सहमति अनिवार्य होगी। माता-पिता की लिखित सहमति पत्र के बिना बच्चों को क्लास रूम में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्राइमरी स्कूल खुलने से ठीक पहले तीन दिनों तक बच्चों के अभिभावकों और शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। पैरेंट्स-टीचर मीटिंग (पीटीएम) के जरिए शिक्षकों ने माता-पिता से बच्चों को रोजाना स्कूल भेजने को लेकर चर्चा की। शिक्षकों का कहना है कि कुछ माता-पिता बच्चों को भेजने के लिए तैयार है, लेकिन कुछ अभिभावकों में कोरोना संक्रमण को लेकर डर भी दिखाई दिया। शिक्षकों ने अभिभावकों से आग्रह किया कि अगर किसी बच?चे में सर्दी-खांसी-जुकाम, बुखार के लक्षण हैं, तो उसे स्कूल बिल्कुल भी ना भेजें। स्कूल ना आने वाले बच्चों के लिए ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन पहले की तरह ही किया जाएगा। शासकीय सरोजिनी नायडू कन्या प्राइमरी विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका नीना श्रीवास्तव का कहना है कि क्लास रूम में बच्चों को सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन करते हुए एक बेंच-डेस्क पर एक बच्चे को बैठाया जाएगा। क्लास में बच्चों को मास्क अनिवार्य किया गया है। हर शिक्षक की क्लास रूम में ड्यूटी लगाई गई है, कि बच्चे एक-दूसरे के साथ दूरी का पालन करें।

## पुलिसकर्मियों के बच्चों को मिलेगी अब उत्तीर्ण सत्र की ट्यूशन फीस

**भोपाल ( काप्र )।** मप्र में अब पुलिसकर्मियों के बच्चों को अब उत्तीर्ण सत्र की ट्यूशन फीस ही मिलेगी। अभी तक चालू शिक्षा सत्र के लिए यह राशि दी जाती थी। इस आशय के निर्देश पुलिस मुख्यालय की कल्याण शाखा ने प्रदेश की सभी पुलिस इकाइयों को जारी कर दिए हैं। इसमें स्पष्ट किया गया है कि 31 अक्टूबर से 31 जनवरी 2021 तक ट्यूशन फीस के लिए भेजे जाने वाले प्रस्ताव में परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष का रहता है, जबकि फीस उसी वर्ष के जून-जुलाई में जमा हो जाती है। अब पिछले वर्ष के परीक्षा परिणाम के आधार पर पिछले वर्ष की ट्यूशन फीस की मांग की जाए। उच्च शिक्षा के लिए पुलिसकर्मियों के बच्चों को सरकारी कालेजों में निर्धारित फीस का भुगतान किया जाएगा। इसका आशय यह है कि कोई विद्यार्थी निजी कालेज में अध्ययनरत है और उस पाठ्यक्रम की फीस अधिक है तो उसके लिए उतना भुगतान किया जाएगा, जितना उस पाठ्यक्रम के लिए फीस सरकारी विश्वविद्यालय में निर्धारित होगी। अधिकतम 75 हजार रुपये दिए जा सकेंगे। ट्यूशन फीस लेने के लिए विगत वर्ष से उप पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। अभी शैक्षणिक सत्र जुलाई 2021- जून 2022 चल रहा है। इकाई द्वारा शैक्षणिक वर्ष (जुलाई 2020-जून 2021) के परीक्षा परिणाम के आधार पर जुलाई 2021 में जमा की गई वार्षिक पाठ्यक्रम की फीस का प्रस्ताव भेजा जाएगा। पिछले शैक्षणिक वर्ष के प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम के आधार पर जुलाई 2021 के पहले सेमेस्टर की ट्यूशन फीस का प्रस्ताव भेजा जाएगा। इस शैक्षणिक वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर की फीस (जो दिसंबर 2021 अथवा जनवरी 2022 को जमा होगी) इकाई के प्रस्ताव में शामिल नहीं होगी। यानी सेमेस्टर सिस्टम में एक ही सेमेस्टर की फीस का प्रस्ताव भेजा जाएगा।

### आरटीओ के बाबू भी अब ऑनलाइन करेंगे काम, मिलेंगे टैबलेट

**भोपाल ( काप्र )।** प्रदेश में परिवहन विभाग अपनी सेवाओं को हाईटेक करने के साथ ही अब कर्मचारियों को भी टेक्नोलॉजी के स्तर पर हाईटेक करने जा रहा है। अब आरटीओ ऑफिस में काम करने वाले बाबुओं को काम करने के लिए टैबलेट दिए जाएंगे। इनका इस्तेमाल बाबू लाइसेंस की नई व्यवस्था के तहत आवेदक और दस्तावेजों के वेरिफिकेशन के लिए कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 1 अगस्त से ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस की व्यवस्था लागू हुई है। इसके बाद परमानेंट लाइसेंस की व्यवस्था भी बदल चुकी है। ऑनलाइन लर्निंग लाइसेंस बनवाने वाले आवेदकों का ड्राइविंग टेस्ट स्मार्टचिप कंपनी द्वारा ऑटोमेटेड ड्राइविंग ट्रैक पर वाहन चलवाकर नहीं लिया जा रहा है, बल्कि अब यह टेस्ट पहले की तरह परिवहन विभाग के अधिकारी ले रहे हैं।

### घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक कारोबार करने वालों पर कार्यवाही

**भोपाल( काप्र )।** राजधानी के बैरसिया इलाके में अवैध रूप से जमा कर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग को लेकर कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी की शिकायत पर बैरसिया थाने में दो आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हे हिरासत में लिया है। थाना पुलिस ने बताया कि जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मयंक द्विवेदी ने शिकायत दर्ज कराई है, कि बीती 10 सितंबर को आकाश बैटरी की दुकान पर अवैध तरीके से घरेलू सिलेंडर बेचते हुए दो लोगों को पकड़ा गया था। प्रशासन ने मोहन सिंह कुशवाह और राजेंद्र सिंह ठाकुर को इस गतिविधि में लिप्त पाया था। आकाश बैटरी फर्म के प्रोपराइटर मोहन सिंह कुशवाह की मौजूदगी में 19 भरे हुए व्यावसायिक सिलेंडर , 13 खाली व्यावसायिक सिलेंडर, दो इंडियन के खाली व्यावसायिक, एक इंडियन का घरेलू जब्त किए थे।

# सिंधी मेला समिति का फैसला नहीं होगा गरबा महोत्सव

**भोपाल ( हिनप्र )।** सिंधी मेला समिति इस वर्ष शारदीय नवरात्रि के अवसर परए गरबा महोत्सव का आयोजन नहीं करेगी। यह जानकारी समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी ने दी।



दरयानी ने बताया कि समिति द्वारा गत 12 वर्षों से लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में गरबे का आयोजन करवाया जा रहा थाए लेकिन इस वर्ष मुख्यमंत्री शिवराज चौहान की अपील परए गरबे के आयोजन को स्थगित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कोरोना संक्रमण को देखते हुए किसी भी प्रकार के सामाजिक कार्यक्रम को न आयोजित करने की अपीलएप्रदेशवासियों से की है। इस अपील का समर्थन करते हुए समिति ने भी इस वर्ष गरबा आयोजन को स्थगित करने की घोषणा की है।

दरयानी ने यह भी बताया कि गरबा आयोजन में छोटे भाइयों व बहनों कि भागीदारी अधिक होती हैए जिनका अभी भी वैक्सीनेशन नहीं हुआ है। इस वर्ष गरबा आयोजन को स्थगित करने का यह भी एक प्रमुख कारण है। दरयानी ने सभी से वैक्सीनेशन के डोज लेने की अपील की है।

**चैंबरों की सफाई कराई खटवानी ने:** नगर निगम जोन कार्यालय से गुरुद्वारा तक कि सड़क के निर्माण के बीच में आने वाले सीवेज चैंबरों सफाई की गईए भाजपा नेता महेश खटवानी ने खुद खड़े होकर सफाई कराई।

### मामूली विवाद पर दो भाईयों ने अधेड़ ऑटो चालक को चाकू मारा

**भोपाल( काप्र )।** राजधानी के टीटी नगर थाना इलाके में मामूली विवाद पर अधेड़ ऑटो चालक पर दो भाईयों ने चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। टीटी नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 56 वर्षीय दिनेश बंसल अर्जुन नगर में परिवार के साथ रहता है, और ऑटो चलाता है। बीती शाम को वह ऑटो खड़ा कर अपने घर चला गया। थोडी देर बाद जब वो बाहर निकला तो उसी मोहल्ले में रहेन वाला दादू उर्फ पुष्पेंद्र और उसका भाई सुमित ने दिनेश के साथ मारपीट कर दी।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### पंजाब में कांग्रेस...

में सक्षम हैं। इस बीच सीएम बनने की रेस में अब तक आगे बताए जा रहे कांग्रेस नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि यह हाईकमान का फैसला है। रंधावा ने कहा, यह हाईकमान का फैसला है। मैं इसका स्वागत करता हूं। चन्नी मेरे लिए छोटे भाई की तरह हैं। मैं निराश नहीं हूं। चरनजीत सिंह चन्नी को सीएम बनाकर कांग्रेस ने एक तरह से चौंकाने का काम किया है। कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफे के बाद से ही जिन नामों की चर्चा चल रही थी, उनमें दूर-दूर तक चन्नी रेस में नहीं थे। लेकिन अचानक उनका नाम सामने आने से पूरी बाजी ही पलटती दिख रही है। कहा जा रहा है कि दलित नेता को सीएम बनाकर कांग्रेस ने बड़ी आबादी को साधने का काम किया है। उन्हें कमान देकर कांग्रेस हिंदू, दलित और सिखों को एक साथ साधने का प्रयास करेगी। चरणजीत सिंह चन्नी अमरिंदर सिंह की सरकार में तकनीकी शिक्षा और पर्यटन मंत्री थे। चमकौर विधानसभा सीट से विधायक हैं। वे पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता रह चुके हैं। कांग्रेस के इस फैसले को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। राज्य में दलित आबादी तीस फीसदी से अधिक है। साथ ही कांग्रेस ने चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाकर पार्टी के भीतर सीनियर नेताओं के बीच की कलह को खत्म करने की कोशिश की है। लंबे सियासी घमासान के बाद अमरिंदर सिंह ने शनिवार को पंजाब के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और कहा था कि विधायकों की बार-बार बैठक बुलाए जाने से उन्होंने अपमानित महसूस किया, जिसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया। इससे पहले, राज्य के कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा का नाम मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे चलने की चर्चा थी, हालांकि ऐन मौके पर कांग्रेस आलाकमान ने चन्नी के नाम पर मुहर लगाई। सूत्रों का कहना है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने चन्नी के नाम की जोरदार पैरवी की और फिर राहुल गांधी ने दिल्ली में लंबी मंत्रणा के बाद चन्नी के नाम को मंजूरी दी। चन्नी दलित सिख समुदाय से आते हैं और अमरिंदर सरकार में तकनीकी शिक्षा मंत्री थे। वह रूपनगर जिले के चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। वह शिरोमणि अकाली दल-भाजपा गठबंधन के शासनकाल के दौरान साल 2015-16 में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी थे। विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले चन्नी को मुख्यमंत्री बनाकर कांग्रेस सामाजिक समीकरण साधने की कोशिश में है। प्रदेश में 30 प्रतिशत से अधिक दलित आबादी है। अमरिंदर सिंह ने शनिवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और कहा था कि विधायकों की बार-बार बैठक बुलाए जाने से उन्होंने अपमानित महसूस किया, जिसके बाद उन्होंने यह कदम उठाया।

### सिद्धू के सलाहकार...

विपत्ति' करार दिया था। उन्होंने ये भी कहा था कि वह सिद्धू को अगले मुख्यमंत्री के रूप में या आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी के चेहरे के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे। अपना इस्तीफा सौंपने के बाद मीडिया से बातचीत में अमरिंदर सिंह ने साफ किया था कि उनकी राजनीति छोड़ने की कोई मंशा नहीं है। उन्होंने सिद्धू को 'राष्ट्र विरोधी, खतरनाक, अस्थिर, अक्षम' करार देने के साथ राज्य और देश की सुरक्षा के लिए खतरा तक बता दिया। अमरिंदर सिंह ने कहा कि वह पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष को राज्य का मुख्यमंत्री बनाने के किसी भी कदम का पुरजोर विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का समर्थन करने का कोई प्रश्न नहीं उठता। उन्होंने आरोप लगाया कि वह (सिद्धू) 'साफतौर पर पाकिस्तान के साथ मिले हैं और पंजाब तथा देश के लिए खतरा और विपदा' हैं।

### योगी ने अपने...

अलग उपलब्धियां गिनाई गई हैं। सरकार की उपलब्धियों से संबंधित जिस पुस्तिका का मुख्यमंत्री ने विमोचन किया, उसमें लिखा गया है, ''प्रदेश सरकार ने दूरदर्शी योजनाएं तैयार कर उन्हें धरातल पर उतारा। इससे उत्तर प्रदेश कुचक्रों के जाल से उबरकर विकास की ओर अग्रसर हो गया। फलस्वरूप बीते 54 माह में राज्य के माथे से बीमारू राज्य का धब्बा हट गया और समृद्धिशीलता का टीका लग गया है। इस पुस्तिका में आंकड़ों के जरिए सरकार ने उप्र की ताजा अर्थव्यवस्था की तस्वीर सामने रखी हैं। ''इस बीच समाजवादी पार्टी के प्रमुख और उत्तसर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सरकार के इस प्रयास पर तंज किया है। सपा प्रमुख ने रविवार को ट्वीट किया उप्र की भाजपा सरकार ने प्रकाशित किया '16 पेज का 16 आने झूठ' , लगता है कि भाजपा ने अपने 'अंतरराष्ट्रीय झूठ प्रशिक्षण केंद्र' की पाठ्यपुस्तिका प्रकाशित की है ।''उन्होंने लिखा है, ''परंतु भाजपा के 'झूठ के दूत' इसे ऑनलाइन कक्षाओं में ही चला पायेंगे क्योंकि जनता के बीच वो जा नहीं पा रहे हैं।

### रतलाम-आगर में...

दौरान कई इलाकों में तेज बारिश भी हुई। यही कारण है कि अब बारिश का कोटा लगभग सामान्य हो गया है। 1 जून से 19 सितंबर तक मध्यप्रदेश में 34 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि अब तक 36 इंच बारिश होना चाहिए। अब महज 2त्न बारिश ही कम है। प्रदेश के 10 जिले अब भी सूखे के संकट में है। धार, खरगोन, होशंगाबाद, बालाघाट, सिवनी, जबलपुर, पन्ना, दमोह, कटनी और छतपुर में अब भी 23 प्रतिशत से लेकर 41 प्रतिशत तक बारिश कम हुई है, हालांकि नरसिंहपुर, उमरिया, मंडला, सतना और हरदा भी अच्छी स्थिति में नहीं है। सीजन की शुरुआत में पिछड़ने वाला ग्वालियर-चंबल का इलाका सबसे ज्यादा बारिश वाले इलाके में है। श्योपुर, शिवपुरी, भिंड, नीमच, गुना, अशोक नगर, विदिशा, राजगढ़, आगर मालवा, सिंगरौली में 25 प्रतिशत से 101 प्रतिशत तक पानी गिर चुका है। इन इलाकों में अब भी बारिश जारी है। वर्तमान में एक निम्न दाब क्षेत्र पश्चिमोत्तर मध्य प्रदेश/ पूर्वी राजस्थान के ऊपर एक्टिव है। पश्चिम-मध्य अरब सागर और दक्षिणी बांग्लादेश के ऊपर भी चक्रवातीय गतिविधियां सक्रिय हैं। मानसून ट्रफ बीकानेर और निम्न दाब क्षेत्र से होते हुए सतना, डाल्टनगंज, जमशेदपुर और दीघा से लेकर पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है।

### अदालतों में अब...

पड़ते हैं। उन्होंने कहा, गांव का कोई परिवार अपना झगड़ा सुलझाने के लिए कोर्ट में आता है तो वहां तालमेल नहीं बिठा पाता। वो कोर्ट की दलीलें नहीं समझ पाते जो ज्यादातर अंग्रेजी में होती हैं। कोर्ट की कार्यवाही इतनी जटिल होती हैं कि कभी-कभी लोग गलत मतलब समझ लेते हैं, उन्हें कोर्ट की कार्यवाही समझने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने पड़ते हैं। जस्टिस रमना ने कोर्ट की कार्यवाही को पारदर्शी और जवाबदेही भरा बनाने पर जोर दिया और कहा कि इसके लिए जज और वकील मिलकर ऐसा माहौल तैयार करें जो आम लोगों के लिए सुविधाजनक हो।

### जजों के 68...

68 नामों में से कर्नाटक के दो नाम व जम्मू-कश्मीर के एक नाम को तीसरी बार भेजा गया है, जबकि 10 नामों की सिफारिश दूसरी बार की गई है। इन 13 नाम को छोड़कर 55 नाम ऐसे हैं, जिनकी सिफारिश पहली बार की गई है। इन सिफारिशों के पहले 17 अगस्त को कॉलेजियम ने ऐतिहासिक निर्णय करते हुए तीन महिला जजों समेत नौ जजों की सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति की सिफारिश की थी। इन नामों को केंद्र सरकार ने भी उल्लेखनीय गति से मंजूरी दे दी थी और 31 अगस्त को इन सभी नौ जजों को एकसाथ सुप्रीम कोर्ट जजों के रूप में शपथ दिलाई गई थी। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नति के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेश बिंदल सहित आठ न्यायाधीशों के नामों की सिफारिश की थी। इनके अलावा, गुरुवार और शुक्रवार को कॉलेजियम की मैराथन बैठक में त्रिपुरा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अकील कुरैशी और 28 अन्य उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों सहित पांच हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के स्थानांतरण की सिफारिशें की गईं। देश के 25 हाईकोर्ट में जजों के स्वीकृत पद 1,098 हैं। कानून मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार 1 सितंबर तक 465 पद रिक्त थे।

### 50 साल राज...

की आवश्यकता नहीं होगी। ईरानी ने कहा, हालांकि, आपसे (सेवा भारती) जुड़ने के लिए आज जो संघर्ष करना पड़ा उससे आपको पता चल ही गया होगा कि उनके (गांधी परिवार) नेतृत्व में, उनके अपने निर्वाचन क्षेत्र में विकास प्रत्येक परिवार तक नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि वह ऑनलाइन सम्मेलन में बहुत देर से शामिल हो सकीं। उन्होंने कहा कि यहां के सभी हिस्सों में विकास पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए वह गांव-गांव जाकर पता लगा रही हैं कि लोगों की जरूरतें क्या हैं।

### यूपी सरकार डॉक्टरों ...

जाएगी। मंत्री ने आगे कहा, योगी आदित्यनाथ सरकार ने अपने कार्यकाल में अब तक के लोक संकल्प पत्र के हर वादे को पूरा किया है। अभी कोरोना को लेकर दूसरे राज्यों के हालात बहुत खराब हैं, लेकिन आज यूपी में 35 से ज्यादा ऐसे जिले हैं, जो कोरोना से मुक्त हो चुके हैं टीकाकरण के मामले में भी हमने बाकी राज्यों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। आज यूपी में 50 प्रतिशत से अधिक आबादी ने वैक्सीन की पहली खुराक ले ली है। इस सरकार द्वारा खोले गए जितने मेडिकल कॉलेजों खोले गये, उतने पिछली किसी सरकार में नहीं खोले गए।


**कार्यालय किसान सहकारी विपणन समिति मर्यादित, भोपाल**

**( पंजीयन क्रमांक / एस.एचआर./ अअग दिनांक )**

**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक ़0.0़.0़अ, दिन सोमवार को समय दोपहर अ़ बजे संस्था कार्यालय नवीन भवन करोंद मंडी प्रां-ण, भोपाल पर आयोजित की -ई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है। संस्था के समस्त सदस्यों को साधारण डाक द्वारा पृथक से एजेंडा भेजकर बैठक संबंधी जानकारी प्रेषित की जा चुकी है। बैठक में भा- लेने वाले समस्त सदस्यों को कोविड-अ् के तहत शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य हो-ा।

**( जी.पी. शर्मा )**
**प्रबंधक**
**किसान सहकारी विपणन समिति मर्यादित, भोपाल**

**जाहिर सूचना**

**दिनांक 16.09.21 ग्राम इमलिया, खसरा क्र. 315 का खण्डन**

सर्वसाधारण को इस खण्डन सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि श्री एम.एस.ठाकुर अधिवक्ता महोदय के द्वारा अपने अनाम पक्षकार की ओर से दैनिक नईदुनिया समाचार पत्र दिनांक 16.09.21 के अंक में एक किता सिंचित (अव्यपवर्तित) कृषि भूमि खसरा क्रमांक 315 कुल रकबा-2.869 हेक्टेयर में से 1.0122 हेक्टेयर अर्थात 2.50 एकड़ कृषि भूमि स्थित ग्राम-इमलिया, पटवारी हल्का पुराना/नया-16/29, राजस्व निरीक्षक मंडल पुराना/नया 02/03, विकास खण्ड फंदा, तहसील हुजूर जिला-भोपाल। जो कि उनके पक्षकार के द्वारा विक्रेता श्री लीला किशन आत्मज श्री आशाराम, निवासी-ग्राम-इमलिया, विदिशा रोड जिला भोपाल से क्रय किये जाने के पूर्व आपत्ति के संबंध में प्रकाशित करवाई गई थी। उपरोक्त जाहिर सूचना दिनांक 16.09.21 के संबंध में मेरे पक्षकार संतोष सेन पुत्र श्री तुलसीराम सेन, निवासी-मकान नंबर 13, गली नं. 02, रिसालदार कालोनी, तहसील-हुजूर जिला भोपाल के द्वारा इस खंडन के माध्यम से अधिवक्ता महोदय एवं सर्वसाधारण को अवगत कराया जाता है एवं आपत्ति प्रस्तुत की जाती है कि उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि खसरा क्रमांक 315 कुल रकबा-2.869 हेक्टेयर में से 1.0122 हेक्टेयर अर्थात 2.50 एकड़ कृषि भूमि स्थित ग्राम-इमलिया, पटवारी हल्का पुराना/नया-16/29, राजस्व निरीक्षक मंडल पुराना/नया 02/03, विकास खण्ड फंदा, तहसील हुजूर जिला भोपाल को क्रय किये जाने के संबंध में मेरे पक्षकार एवं श्री लीला किशन आत्मज श्री आशाराम के माध्य एक विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 27.11.20 को निष्पादित हुआ था। जो कि वर्तमान में भी प्रभावशील है। उपरोक्त विक्रय अनुबंध पत्र के अनुपालन में मेरे पक्षकार के द्वारा अग्रिम राशि लीला किशन आत्मज श्री आशाराम को प्रदान की गई थी। क्योंकि विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 27.11.20 वर्तमान में प्रभावशील है इस कारण से लीला किशन आत्मज श्री आशाराम पर बंधनकारी है। यदि विक्रेता लीलाकिशन के द्वारा विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 27.11.20 के प्रभावशील रहने के दौरान उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में किसी प्रकार का कोई अनुबंध अथवा हस्तांतरण की कार्यवाही की जाती है तो वह शून्य होगी और मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। इस संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा थाना सूखी सेवनियों में विक्रेता लीला किशन के विरूद्ध एक शिकायत प्रस्तुत की गई है। अतः इस खण्डन सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण एवं विक्रेता लीलाकिशन को सूचित किया जाता है कि वह विक्रय अनुबंध पत्र दिनांक 27.11.20 के प्रभावशील होने के दौरान किसी अन्य व्यक्ति को उपरोक्त भूमि का हस्तांतरण, विक्रय-अनुबंध या अन्यथा किसी रीति से हस्तांतरण अथवा क्रय विक्रय न करें। यदि उनके द्वारा ऐसा किया जाता है तो वह संव्यवहार अथवा हस्तांरण पूर्णतः शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा।

**दीपक वर्मा एडवोकेट**
**प्लाट नं 13, द्वितीय तल, न्यू फ्रेन्ड सोसायटी, काली मंदिर के सामने, चूना भट्टी कोलार रोड भोपाल, मो. 9826280469**